कोटद्वार, रविवार
15 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 140 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

थराली में लोगों के घरों में घुसा मलबा

चमोली : गुरुवार और शुक्रवार को बारिश से पिंडर नदी का जल स्तर धीरे धीरे कम होने लगा है। पिंडर का जलस्तर सामान्य होने के बाद लोगों ने सरस्वती शिशु मंदिर थराली, बेतालेश्वर महादेव मंदिर, पिंडर पब्लिक स्कूल तथा घरों में घुसे मलबे की साफ सफाई का काम शुरू कर दिया है। उपजिलाधिकारी थराली अबरार अहमद ने बताया स्थिति अब सामान्य हो रही है किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। घरों में घुसे मलबे को हटाया जा रहा है। शिशु मंदिर के प्राचार्य भगवती प्रसाद गोस्वामी, आचार्य कुशालानंद लोहिया, परमवीर सिंह, स्वाति, संजय देवराडी, पार्वती देवी, महंत रजनीश आनंद गिरि के साथ दिन भर मंदिर की साफ सफाई करने, मलबा हटाने में जुटे रहे। (एजेंसी)

45 दिन में 3 बार गंगा चेतावनी निशान पार

ऋषिकेश। पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों में पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण शनिवार को ऋषिकेश में गंगा चेतावनी निशान 339.50 मीटर को पार कर 339.78 मीटर पर बहीं जबकि खतरे का निशान 340.50 मीटर है। केंद्रीय जल आयोग कार्यालय के मुताबिक शनिवार शाम चार बजे के बाद गंगा का जलस्तर घटने लगा। गंगा चेतावनी निशान से 16 सेंटीमीटर से नीचे आ गईं। हालांकि गंगा में उफान के कारण स्नानघाट जलमग्न हो गए। इस मानसून सीजन में महज डेढ़ महीने के भीतर ही तीसरी दफा गंगा चेतावनी निशान को पार कीं। एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि एहतियात के तौर पर प्रशासन की ओर से जहां गंगा में श्रद्धालुओं को स्नान करने से रोक दिया गया है। वहीं तटवर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

कोलकाता के एसएन बनर्जी रोड पर संदिग्ध बोरी में जोरदार धमाका

कोलकाता,पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एस.एन. बनर्जी रोड पर एक संदिग्ध बोरी में ब्लास्ट हुआ है। घटनास्थल पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 1.45 बजे तालतला पुलिस थाने को सूचना मिली कि ब्लोचमैन स्ट्रीट और एसएन बनर्जी रोड के जंक्शन पर जोरदार धमाका हुआ है। एक कचरा बीनने वाला व्यक्ति घायल हो गया है। घायल व्यक्ति को एनआरएस में भर्ती कराया गया। उसकी दाहिनी कलाई पर चोट आई है। ब्लोचमैन स्ट्रीट के प्रवेश द्वार पर एक प्लास्टिक का बोरी पड़ी थी। इसी में ब्लास्ट हुआ है। क्षेत्र को सुरक्षा टेप से घेर लिया गया और फिर बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है।पुलिस ने बताया कि मौके पर बम स्क्वॉड की टीम पहुंची हुई है। संदिग्ध बोरी के आस–पास की जांच की जा रही है। एसएन बनर्जी रोड पर यातायात की अनुमति नहीं दी गई है। अस्पताल में घायल व्यक्ति ने अपना नाम 58 वर्षीय बापी दास बयाया है। उसके पिता का नाम लेफ्टिनेंट तारापद दास है। वह इच्छापुर का रहने वाला है। उसका कोई पेशा नहीं है। वह इधर–उधर घूमता रहता था। हाल ही में एसएन बनर्जी रोड के फुटपाथ पर रहने लगा था।

अब दिवाली, छठ पर घर जाने की नही होगी टेंशन, 100 स्पेशल ट्रेनों का मिला तोहफा

नईदिल्ली,अपने घर से दूर नौकरी व व्यापार करने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है. क्योंकि अब उन्हें दीवाली और छट पूजा में घर जाने की चिंता नहीं करनी है. इस बार रेलवे ने पहले ही दोनों बड़े त्योहारों पर 100 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है. ताकि किसी को भी ट्रेन में सीट न मिलने की वजह से अपने घर जाने का प्लान कैसिल करना पडे. यही नहीं जरूरत पडने पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है.. आपको बता दें कि दिवाली, दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए अभी से रेलवे ने एडवांस रिजर्वेश खोल दिये हैं. ताकि किसी भी मुशाफिर को कोई परेशानी न हो. दक्षिण रेलवे द्वारा संचालित दो विशेष ट्रेनें तीन महीने झ सितंबर, अक्टूबर और नवंबर के लिए साप्ताहिक भी चलाई जाएंगी. रेलवे के मुताबिक ट्रेन संख्या 06090 संतरागाछी से रात 11:40 बजे वापस आएगी और तीन दिन बाद सुबह 9:00 बजे डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पर वापस आएगी.

पिथौरागढ़ जा रहा वाहन खाई में गिरा, चालक समेत 3 की मौत

अल्मोड़ा। जनपद में एक सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई। रात लमगड़ा–पिथौरागढ़ मोटरमार्ग में एक कार असंतुलित होकर सड़क से करीब सौ मीटर नीचे जा गिरी। जिससे उसमें सवार चालक समेत 03 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं। मृतक व घायल पिथौरागढ़ जिले के हैं। हादसा रात करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। लमगड़ा ब्लॉक अंतर्गत सांगड़ साहू व डुबरौली गांवों के बीच हल्द्वानी से पिथौरागढ़ की ओर जा रही वैगनआर कार संख्या यूके 05 टीए 4577 अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर नीचे खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण, थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम तथा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तेजी से रेस्क्यू कार्य शुरु किया। बारिश से रेस्क्यू कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसलिए रात में घंटों रेस्क्यू कार्य चला। काफी मशक्कत के बाद घायल 02 युवकों व 01 बच्चे को खाई से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लमगड़ा भेजा गया। वाहन में सवार सुनीता देवी पत्नी रवि लाल (33) निवासी वार्ड नंबर 06, कुमौड़ पिथौरागढ़ व रजनी पुत्री रविन्द्र कुमार (23) निवासी ग्राम पैकटिया, पोस्ट बीसा बजेड़, जाजरदेवल, पिथौरागढ़ की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। शवों को भी खाई से निकाल लिया गया। बाद में अस्पताल में उपचार के दौरान चालक प्रेम कुमार पुत्र हरीश राम (35) निवासी ग्राम डोबरा, पोस्ट बीसा बजेड़, जाजरदेवल, पिथौरागढ़ की भी मौत हो गई।

हादसे में घायल आशीष कुमार पुत्र रविन्द्र कुमार (19) ग्राम पैकटिया, पोस्ट बीसा बजेड़, जाजरदेवल, पिथौरागढ़ तथा आरुष कुमार पुत्र रवि लाल (7) निवासी कुमौड़ पिथौरागढ़ घायल हैं। प्रथम दृष्टया रोड के अचानक धंसने को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। जिस जगह से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां सड़क धंसी हुई थी।

जम्मू–कश्मीर में सेना को बड़ी सफलता, अलग–अलग मुठभेड़ में मार गिराए 5 आतंकवादी

श्रीनगर, जम्मू–कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को डोडा में होने वाली चुनावी रैली से पहले सुरक्षा बलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है।भारतीय सेना के जवानों ने 2 अलग–अलग मुठभेड़ों में 5 आतंकवादियों को मार गिराया है। पहली मुठभेड़ बारामूला जिले के चक टापर त्रेरी इलाके में हुई, जिसमें 3 आतंकवादी मारे गए।सेना ने खूफिया जानकारी के बाद जम्मू–कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में यह सफलता हासिल की है। एक अलग घटना में शुक्रवार को कठुआ में सेना की राइजिंग स्टार कोर इकाई के जवानों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया।एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में हथियार और गोला–बारूद भी बरामद किया गया है।जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के उंचे इलाकों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत 2 सैन्यकर्मी शहीद हो गए तथा 2 अन्य घायल हो गए। जम्मू क्षेत्र के पहाड़ी जिलों पुंछ, राजौरी, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर में पिछले 2 महीनों से अधिक समय से सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों पर आतंकवादी हमले हो रहे हैं।आतंकवादी घात लगाकर अचानक हमला करते हैं और फिर पहाड़ी क्षेत्रों के जंगलों में गायब हो जाते हैं। इन हमलों के लिए विदेशी आतंकवादियों के एक समूह के जिम्मेदार बताया जा रहा है। ये आतंकी 40 से 50 की संख्या में हैं। ये मुठभेड़ें जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में प्रधानमंत्री मोदी की मेगा चुनावी रैली से पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई हैं।चुनावी रैली का शांतिपूर्ण और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए डोडा और किश्तवाड़ जिलों में, विशेषकर कार्यक्रम स्थल के आसपास बहु–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।इस रैली में प्रधानमंत्री मोदी लोगों को भाजपा की ओर करने का प्रयास करेंगे। बता दें कि यह 42 वर्षों में किसी प्रधानमंत्री की पहली डोडा यात्रा होगी। जम्मू–कश्मीर में 3 चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। पहले चरण में 18 सितंबर को मतदान होगा। दूसरे चरण में 25 सितंबर और तीसरे चरण में 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे।वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। 2014 के बाद से परिसीमन और अनुच्छेद 370 हटने के बाद से पहला विधानसभा चुनाव है।मतदान से पहले क्षेत्र में आतंकवादियों गतिविधियों का बढना चिंता का विषय है। हालांकि, सरकार ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं।

अजित डोभाल का कमाल

लद्दाख की गलवान वैली सहित चार इलाकों से पीछे हटी चीनी सेना

नईदिल्ली,चीनी सेना ने लद्दाख के गलवान से अपने पैर पीछे कर लिए हैं. चीनी सेना गलवान सहित चार क्षेत्रों से पीछे हट गई है. चीन के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी. बता दें, शुक्रवार को भारत के एनएसए अजित डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री से रूस मुलाकात की थी, जिसके बाद चीनी सेना पीछे हट गई.

चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस में हुई बैठक के दौरान दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए मिलकर काम करने के लिए सहमत हुए हैं. चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि दोनों सेनाएं चार क्षेत्रों से पीछे हटी हैं. सीमा पर स्थिति नियंत्रण में है. चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि चीन–भारत संबंधों में स्थिरता रहे, यह दोनों देशों के मौलिक और दीर्घकालिक हित में है। क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए यह जरूरी है. उन्होंने आगे कहा कि रूस में हुई बैठक के दौरान समझ और विश्वास को बढ़ाने, संचार बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के सहमति बनी है. चीनी विदेश मंत्री के अलावा, एनएसए अजित डोभाल ने आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात की. सेंट पीटर्सबर्ग के कॉन्स्टेंटिनोवस्की पैलेस में उनकी बातचीत हुई. चर्चा के दौरान, पुतिन ने भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुरक्षा मुद्दों के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने क्षेत्र में संवाद बनाए रखने के लिए भारत का धन्यवाद भी किया. इस दौरान, पुतिन ने प्रस्ताव दिया कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक आयोजित की जाए. बता दें, कजान में 22 अक्टूबर को सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. बैठक के दौरान, डोभाल ने पीएम मोदी की ओर से पुतिन का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यूक्रेन यात्रा की जानकारी साझा करने के लिए तैयार हैं.

कोलकाता रेप–मर्डर केस पर सीबीआई का बड़ा खुलासा

कोलकाता,आरजी कर अस्पताल में एक महिला ट्रेनी डाक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक महिला ट्रेनी डॉक्टर से दरिंदगी की घटना की जांच कर रही सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। जांच एजेंसी के अनुसार, वारदात की रात मुख्य आरोपित कोलकाता पुलिस के सिविक वालंटियर संजय रॉय को किसी ने फोन करके अस्पताल में बुलाया था। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि संजय के मोबाइल फोन की कॉल लिस्ट को खंगालने पर पता चला है कि वारदात की रात में और सुबह संजय रॉय की किसी से मोबाइल पर कई बार बातचीत हुई थी।

अब सीबीआई उस व्यक्ति का नाम–पता तलाश रही है। सीबीआई के अधिकारियों ने गुरुवार को इस घटना के मुख्य आरोपी संजय रॉय के दांतों के निशान लिए। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच में संजय रॉय के दांतो के निशान बतौर सबूत बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसकी वजह ये है कि मृतका ट्रेनी डॉक्टर के शरीर पर दांत काटने के निशान पाए गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसके बारे में खुलासा हुआ था।

हिंदी का गौरव कायम रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : धामी

● हिन्दी ने समाज में जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभाई ● सीएम ने किया " उत्तराखण्ड की लोक कथाएं " पुस्तक का विमोचन

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि हमारी संस्कृति के गौरव का अवसर है। हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। हिंदी ने हमारे समाज को जोड़ा है और हमारी सभ्यता को समृद्ध किया है। विश्व पटल पर हिंदी ने हमें विशेष स्थान दिलाया है। हिंदी केवल हमारे लिए संवाद का माध्यम नहीं है बल्कि हमारी अस्मिता, संस्कृति और भारतीयता का प्रतीक भी है। हिंदी ने विविधता से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। सहजता, सरलता और सामर्थ्य से परिपूर्ण हिंदी में समन्वय की अदभुत क्षमता है। सीएम ने कहा कि हिंदी का गौरव कायम रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करें। इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएं ताकि हिंदी 21वीं सदी की सशक्त भाषा बने।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी प्रेक्षागृह, देहरादून में उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित 'हिंदी दिवस समारोह-2024' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की पुस्तक '' उत्तराखण्ड की लोक कथाएं '' का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कविता लेखन, कहानी लेखन, यात्रा वृतान्त लेखन और नाटक लेखन प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में हिन्दी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न देशों में हिंदी का अध्ययन किया जा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी सामाजिक चेतना का भी प्रमुख माध्यम रही है। स्वतंत्रता संग्राम के समय हिंदी संघर्ष की भाषा बनी और देशवासियों को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हिंदी के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा कई सारे नवाचार किये हैं और नवाचार के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। यह प्रयास भाषायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कांग्रेस सांसद जय प्रकाश ने महिलाओं को लेकर दिया विवादित बयान

महिला आयोग एक्शन के लिए तैयार

कैथल,हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सांसद जय प्रकाश ने महिलाओं को लेकर विवादित बयान दिया है। सोशल मीडिया पर बयान वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग ने जय प्रकाश के खिलाफ नोटिस जारी करने की बात कही है। हरियाण महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि, यह बहुत शर्मनाक विषय है कि कांग्रेस के सांसद लगातार तीसरी, चौथी बार इस तरह से महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अभी हाल ही में आपको याद होगा कि लोकसभा चुनाव में रणदीप सुरजेवाला अभद्र भाषा का प्रयोग हेमा मालिनी के लिए किया था। उसके बाद इनके एक और नेता ने कंगना रनौत के लिए हल्की भाषा का प्रयोग किया और अब तीसरी बार लगातार सांसद जयप्रकाश ने गलत बयानबाजी की है। मुझे लगता है कि कांग्रेस की प्रवृत्ति यही है, महिलाओं के लिए आवाज उठाने वाली इनकी पार्टी के नेता कहां हैं? कहां गई उनकी सभ्यता और कहां गई उनकी सीख, वो अपने सांसदों को और अपने नेताओं को एक बार जरूर देखें। कैथल में जयप्रकाश ने जो कहा वह बहुत निंदनीय और शर्मनाक बयान है। मुझे लगता है इन्होंने महिलाओं की इज्जत सम्मान करने के बजाय अपमान करने का बीड़ा उठा लिया है। ये महिलाओं का सम्मान करना जानते ही नहीं है। जब अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाना होता है तो ऐसे ही लोग अपनी पत्नी की फोटो हार श्रृंगार के साथ लगाते हैं। तब कहां चला जाता है यह हार श्रृंगार। इन सांसदों को इस तरह से बोलते हुए शर्म क्यों नहीं आती। उन्होंने आगे कहा कि अभी जल्द ही नवरात्रि आने वाला है, क्या यह सांसद माता रानी के दर्शन करने नहीं जाएंगे? जिस माता रानी का श्रृंगार किया जाता है, जहां हम सभी मत्था टेकते हैं, वहीं कांग्रेस के नेता महिलाओं के श्रृंगार का अपमान करते हैं, महिलाओं के लिए इस तरह से हल्के शब्दों का प्रयोग करते हैं। मेरी नजर में ऐसे लोग अपनी मां की कोख का अपमान करते हैं, जिस मां ने उनको पैदा किया, उसी प्रकार दूसरी महिला भी किसी की मां है, बहन है, बेटी है, जिसका यह अपमान करते हैं।

कांगो में 3 अमेरिकी नागरिकों सहित 37 दोषियों को मौत की सजा

कांगो,कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की एक सैन्य अदालत ने असफल तख्तापलट के प्रयास के लिए 3 अमेरिकी नागरिकों सहित 37 दोषियों को मौत की सजा सुनाई है।गत 19 मई को दर्जनों हथियारबंद लोगों ने देश के राष्ट्रपति कार्यालय पर कब्जा कर लिया था।

हालांकि, बाद में सेना ने उनके नेता क्रिश्चियन मालंगा को मार गिराया था।दोषी अमेरिकियों में मालंगा का बेटा मार्सेल, उनका दोस्त टायलर थॉम्पसन और मालंगा का व्यापारिक साझेदार बेंजामिन जलमैन शामिल हैं। कांगो की सैन्य अदालत ने तीनों अमेरिकी नागरिकों को तख्तापलट के प्रयास के लिए आपराधिक षडयंत्र, आतंकवाद और अन्य आरोपों में दोषी माना है।यह फैसला किंशासा के निकट एनडोलो सैन्य जेल से टेलीविजन पर लाइव घोषित किया गया है।

ममता बनर्जी अचानक डॉक्टरों के धरनास्थल पहुंचीं

कहा– मैं आपके विरोध को सलाम करती हूं

कोलकाता,कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है।इस बीच आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अचानक डॉक्टरों के धरनास्थल साल्टलेक पर पहुंच गईं। यहां उन्होंने कहा कि वे डॉक्टरों का दर्द समझती हैं और उन्हें पद की चिंता नहीं है।हालांकि, इस दौरान डॉक्टर हमें न्याय चाहिए के नारे लगाते रहे। ममता ने कहा, मैं आपके आंदोलन को सलाम करती हैं। मैं भी छात्र आंदोलन की ही उपज हूं। आप लोगों के सड़क पर होने की वजह से मैं भी रातों को सो नहीं सकी। पहरेदार के तौर पर मुझे जागना पड़ा है। अगर आप लोग काम पर लौट आएं तो मैं वादा करती हूं कि आपकी सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करूंगी। सबके साथ बातचीत होगी और दोषियों को सजा मिलेगी। ममता ने आगे कहा, मैं यहां आपसे मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि दीदी के तौर पर मिलने आई हूं। मैं आप पर दबाव नहीं बना सकती हूं। मैं केवल आपसे अपील कर सकती हूं। जब सीपीआई–एम सत्ता में थी, तब मैं 26 दिनों के लिए भूख हड़ताल पर थी। यह मेरा आखिरी प्रयास है और मैं आपसे वादा करती हूं कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा। मैं केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से दोषियों को फांसी देने की मांग करती हूं।

मुख्यमंत्री द्वारा समाधान का वादा करने के बाद प्रदर्शनकारी डॉक्टर सरकार के साथ बैठक करने के लिए सहमत हो गए हैं।उन्होंने कहा, हम अपनी 5 सूत्री मांगों के साथ सरकार के साथ किसी भी चर्चा के लिए तैयार हैं। ये अनुचित मांगें नहीं हैं।एक डॉक्टर अनिकेत महतो ने कहा, जब तक न्याय नहीं मिल जाता और हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक बारिश, गर्मी, भूकंप भी हमारे प्रदर्शन को रोक नहीं पाएंगे।

आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर जम्मू–कश्मीरः पीएम मोदी

जम्मू, । विधानसभा चुनाव की तारीखों के करीब आने के साथ ही चुनाव प्रचार का दौर तेज हो गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां डोडा में एक जनसभा को संबोधित किया करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर शुरू से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस बार का चुनाव, जम्मू–कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू–कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। जम्मू–कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे और परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह कर मौज काटती रहीं। उन्होंने कहा, जम्मू–कश्मीर की जनता ने आतंकवाद और अलगाववाद के कारण बहुत कुछ सहा। लेकिन हमारी सरकार ने जम्मू–कश्मीर के विकास के लिए काम किया और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। हमारी सरकार ने जम्मू–कश्मीर को विकास की राह पर लाने के लिए काम किया। हमने जम्मू–कश्मीर में सडक़, बिजली, पानी और शिक्षा की व्यवस्था की।

जम्मू कश्मीर में रहने वाला कोई भी व्यक्ति, चाहे वो किसी भी मजहब का हो, किसी भी वर्ग का हो, उसके हर अधिकार की रक्षा भाजपा की प्राथमिकता और मोदी की गारंटी है। जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। सिर्फ अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए ये लोग यह दिखावा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद वाली पार्टियों ने जम्मू–कश्मीर में नये नेतृत्व को कहीं भी कभी भी उभरने ही नहीं दिया। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के बच्चों, नौजवानों को आगे नहीं आने दिया। उन्होंने कहा, यही वजह है कि मैंने जम्मू कश्मीर में नौजवानों की नई लीडरशिप को आगे लाने का प्रयास किया।

पीएम आवास पर नन्हें गाय के बछड़े का वीडियो वायरल, दीपज्योति रखा नाम

नईदिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है जो वायरल हो चुका है. वीडियो में पीएम मोदी अपने आवास पर एक गाय के बछड़े (नव वत्सा) के साथ खेलते दिखाई दिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बछड़े का नाम उन्होंने दीपज्योति रखा है. प्रधानमंत्री ने पोस्ट करते हुए लिखा,हमारे शास्त्रों में कहा गया है– गावः सर्वसुख प्रदा. लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन किया है. पीएम आवास में प्रिय गौमाता ने एक नए बछडे को जन्म दिया. उसके माथे पर ज्योति का प्रतीक है. मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है. बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी का मकर संक्रांति के अवसर पर गायों को चारा खिलाते हुए वीडियो सामने आया था. पीएम आवास पर कई गाय पाली गई हैं. इनके साथ अकसर मोदी काफी समय बिताते हैं. ये आम गाय से थोड़ी अलग होती है. ये गाय पुंगनूर नस्ल की होती है. यह गाय आंध्र प्रदेश से ताल्लुक रखती है.

कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे सीएम अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। जमानत मिलने के बाद शाम तक वह तिहाड़ जेल से बाहर निकले। वहीं केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों में उत्साह देखा गया। समर्थकों ने केजरीवाल का बारिश में खड़े होकर स्वागत किया। वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल आज शनिवार को दोपहर 12 बजे कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद रहीं। सीएम केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में दर्शन–पूजन किया।

आप नेता संजय सिंह ने आज सुबह 11 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जो जमानत दी और उसमें जो बातें लिखीं, उससे साबित होता है कि इसमें पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का कुचक्र था।

सिद्धांत का उल्लंघन

क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा। सवोच्च न्यायालय ने कथित बुल्डोजर न्याय के बारे जो बातें कही हैं, वो उन समाजों में सामान्य और खुद जाहिर रहती हैं, जो कानून के राज के सिद्धांत से चलते हैं। यह सिद्धांत भारतीय संविधान का भी आधारभूत तत्व है। ऐसे में यह लाजिम होना चाहिए कि इस सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला कोई अधिनियम या व्यवहार भारत में स्वीकार्य ना हो। मगर आज सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ रहा है कि अभियुक्तों या सजायाफ्ता व्यक्तियों के परिजनों को आवास से वंचित किया जाए, कानून इसकी इजाजत नहीं देता। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने पूछा– "सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति अभियुक्त है, उसके घर को कैसे तोड़ा जा सकता है?.. क्या ऐसा उस हाल में भी किया जा सकता है, अगर उसे सजा हो गई हो?" बहरहाल, देश की सवोच्च अदालत से अपेक्षा यह नहीं होती कि वह प्रश्न पूछने तक सीमित रहे। उससे अपेक्षा होती है कि वह कानून तोडने़ या उसे अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करे। कोर्ट ने कहा है कि अवैध निर्माण के मामले में भी किसी मकान को तोडने़ से पहले उचित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। संबंधित संपत्ति के मालिक को पहले नोटिस जारी होना चाहिए, उसे सफाई देने का मौका मिलना चाहिए और कानून की शरण लेने के लिए उसे उचित वक्त मिलना चाहिए। कोर्ट ने इस बारे में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी करने की इच्छा जताई है। इस रूप में अदालत ने संवैधानिक भावना को व्यक्त किया है। मगर जिस दौर में कथित बुल्डोजर न्याय प्रचलित हुआ है, उसमें आम शिकायत है कि कानून की भावना के खिलाफ खुद सरकारें और उनके अधिकारी काम कर रहे हैं। ऐसे में न्यायपालिका की इस भावना का कितना पालन होगा, इसको लेकर संशय बने रहने का पर्याप्त आधार है। क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? क्या वह अपने प्रस्तावित दिशा–निर्देशों के उल्लंघन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा।

निष्पक्षता दर्शाने के भी प्रयास

सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में कनाडा पुलिस ने तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने कहा है कि वे निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। 45 वर्षीय निज्जर की पिछले वर्ष कनाडा में नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गुरुद्वारे के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिससे भारत और कनाडा के दरम्यान राजनयिक विवाद पैदा हो गया।पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है तथा उनके पास प्रमाण हैं, और इस मामले में भारत सरकार के तार जुड़े होने की बाबत इन्हें खंगाला जा रहा है। वैसे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पहले ही भारत के खिलाफ पर्याप्त सबूत होने की बात कर चुके हैं। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन आरापों का सिरे से खंडन किया था। साथ ही, कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों और चरमपंथियों को पनाह देने की भी बात कनाडा के समक्ष उठाई थी। गौरतलब है कि निज्जर भारत सरकार द्वारा पहले ही आतंकवादी घोषित किया जा चुका था जो ऐसे चरमपंथी अलगाव समूह का नेतृत्व कर रहा था, जो अलग खालिस्तान की मांग करता है। इस जांच में भारतीय अधिकारियों को शामिल कर कनाडाई सरकार ने अपनी निष्पक्षता दर्शाने के भी प्रयास किए हैं। कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में रहने वाले सिखों में भी खालिस्तान के मुखर समर्थक हैं। भारत सरकार सिख अलगाववादी आंदोलन की इस चिंगारी के भडक़ने को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप बताती रही है।इससे पहले भी ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा की रहस्यमय मौत और लाहौर में परमजीत सिंह पंजवाड की गोली मार कर की गई हत्या पर भारत सरकार पर संदेह किया गया था। कोई भी सरकार अपनी अखंडता, सुरक्षा और आंतरिक मामलों में बाहर का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकती। बहरहाल, जांच जारी है, इसलिए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।खासकर इस वक्त जब देश में लोक सभा के चुनाव चालू हैं, इस तरह के विवादों से समुदाय विशेष को प्रभावित करने की आशंका भी निराधार नहीं कही जा सकती। हालांकि मोदी सरकार वैश्विक पटल पर देश की छवि को लेकर न केवल सावधान रहती है, बल्कि कड़े संदेश देने में भी कदम पीछे नहीं खींचती। चरमपथियों/आतंकवादियों को लेकर किसी भी तरह की मुलायमियत देश की सुरक्षा के लिए उचित नहीं ठहराई जा सकती।

वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा

गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। आरजी कर अस्पताल बलात्कार कांड के बाद यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है। ममता बनर्जी ने इसे ऐतिहासिक और मॉडल विधेयक कहा है। पश्चिम बंगाल की विधानसभा ने बलात्कार और हत्या के दोषियों को मृत्युदंड का प्रावधान करते हुए इस विधेयक को पारित किया है। इसमें यह भी प्रावधान है कि पुलिस को ऐसे मामलों की जांच पूरी कर 21 दिन के अंदर अपनी पहली रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी, जिससे मुजरिमों को शीघ्र एवं कठोरतम सजा दिलाना संभव हो जाएगा। इस तरह आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में सियासी तौर पर बुरी तरह घिर गई राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने बचाव का एक राजनीतिक कदम उठाया है। दांव कारगर होगा या नहीं, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन जो कदम उठाया गया है, वह सिरे से समस्याग्रस्त है। इससे जाहिर हुआ है कि देश में इतना विवेकहीन माहौल बना हुआ है कि इसके बीच गंभीर मसलों पर भी अतीत से सीख लेने और तार्किक विचार–विमर्श में जाने की गुंजाइश बेहद सिकुड़ चुकी है।

क्या राहुल विदेश जाकर भारत को कर रहे बदनाम ?

अजय दीक्षित

असल में आज इण्टरनेट, व्हाट्सएप और अनेक अन्य प्रकार की मोबाइल और कम्प्यूटर के द्वारा एक स्थान के समान्तर दुनिया के सारे हिस्सों में तत्काल पहुंच जाते हैं हम उसे लाइव ही कहेंगे । राहुल गांधी इस बार अधिकृत रूप से विपक्ष के लीडर ऑफ अपोजिशन हैं । यूं बहुतों का मानना है कि राहुल गांधी कोई ज्यादा बड़े चिंतक नहीं हैं । उन्होंने कानून (लॉ), राजनीतिक या अर्थशास्त्र की विधिवत शिक्षा नहीं ली है । ऑक्सफोर्ड या कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों में कुछ ऑडिट कोर्स होते हैं यानि आप उन भाषणों को सुनते हैं और सर्टिफिकेट मिल जाता है । कोई परीक्षा नहीं होती । इन कोर्सों की कोई कीमत नहीं है । हम नहीं जानते कि राहुल गांधी कोई ओरिजिनल पुस्तकें पढ़ते होंगे? यूं उनकी इंग्लिश बहुत अच्छी है । अच्छी अंग्रेजी बोल लेते हैं और पढ़ भी सकते होंगे । कुछ लिखते भी हैं, ऐसा देखने में नहीं आया है । उनकी कोई चिन्तनशील किताब नहीं आई है । नीतिपरक कोई लेख उनके भारत के या विदेशों के अखबारों में छपे हैं, ऐसा देखने को नहीं मिला है ।

पिछले दिनों राहुल गांधी तीन–चार दिन के लिए अमरीका गये थे । वहां उन्होंने अपने अनेक इंटरव्यू में मोदी जी की जमकर आलोचना की । इस पर भाजपा के सारे प्रवक्ता, वर्तमान और पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा समर्थक टी.वी. चैनल राहुल गांधी की जमकर आलोचना कर रहे हैं ।

असल में आज इण्टरनेट, व्हाट्सएप और अनेक अन्य प्रकार की मोबाइल और कम्प्यूटर के द्वारा एक स्थान के समान्तर दुनिया के सारे हिस्सों में तत्काल पहुंच जाते हैं हम उसे लाइव ही कहेंगे । राहुल गांधी इस बार अधिकृत रूप से विपक्ष के लीडर ऑफ अपोजिशन हैं । यूं बहुतों का मानना है कि राहुल गांधी कोई ज्यादा बड़े चिंतक नहीं हैं । उन्होंने कानून (लॉ), राजनीतिक या अर्थशास्त्र की विधिवत शिक्षा नहीं ली है । ऑक्सफोर्ड या कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों में कुछ ऑडिट कोर्स होते हैं यानि आप उन भाषणों को सुनते हैं और सर्टिफिकेट मिल जाता है । कोई परीक्षा नहीं होती । इन कोर्सों की कोई कीमत नहीं है । हम नहीं जानते कि राहुल गांधी कोई ओरिजिनल पुस्तकें पढ़ते होंगे? यूं उनकी इंग्लिश बहुत अच्छी है । अच्छी अंग्रेजी बोल लेते हैं और पढ़ भी सकते होंगे । कुछ लिखते भी हैं, ऐसा देखने में नहीं आया है । उनकी कोई चिन्तनशील किताब नहीं आई है । नीतिपरक कोई लेख उनके भारत के या विदेशों के अखबारों में छपे हैं, ऐसा देखने को नहीं मिला है ।

अब जब ट्रांसमिशन इतना आसान और तत्काल हो गया है तो फिर राहुल गांधी देश में क्या कहते हैं और विदेश में इससे क्या फर्क पड़ता है? परन्तु भाजपा के प्रवक्ता और टी.वी. चैनल विपक्ष की आलोचना के अलावा और कर भी क्या सकते हैं? टी.वी. चैनलों पर बहस बेकार की बात है । परन्तु चौबीस घण्टे का टी.वी. और कर भी क्या सकता है । अतः टी.वी. चैनलों के एंकर सत्ता पक्ष की कृपा दृष्टि के लिए सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की भांति बोलते हैं जबकि एंकर को निष्पक्ष रहना चाहिए । उसको प्रोग्राम को मौटोरेट करना है । अपना पक्ष नहीं । पर कौन किसे समझाये ? विपक्ष का कहना है कि मोदी जी ने भी विदेशी धरती पर पिछली पूर्व सरकारों की जमकर आलोचना करते हैं । राज्यसभा में उनका वक्तव्य कि बरसाती पहनकर नहाने की कला कोई डॉक्टर साहब से पूछे । यह मनमोहन सिंह पर व्यंग था । यह वक्तव्य अमरीका और इंग्लैण्ड के कई प्रतिष्ठित अखबारों में छपा था । इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदीजी ने नेहरू की जमकर आलोचना की थी । अब वे 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाते हैं और इन्दिरा गांधी की आलोचना करते हैं । संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि इमरजेंसी लगाना और ज्यादती करना गलत था, परन्तु यह इमरजेंसी भारत के संविधान के तहत ही लगाई गई थी जिसे तत्कालीन राष्ट्रपति ने अप्रूव किया था ! विपक्ष का कहना है कि मोदी जी जिस संविधान को माथे से लगते हैं, उसमें इतने संशोधन क्यों हुये ? मोदी जी के कार्यकाल में भी संविधान में संशोधन हुए हैं ! भारत की जनता अनपढ़ हो सकती है, वह आज की राजनीति के दांव पेंच नहीं जानती, पर वोट समझ बूझकर देती है । सभी सारी एजेन्सियों की रिपोर्ट के बावजूद इन्दिरा गांधी उत्तर प्रदेश में 85 सीटों पर हार गई और अपनी हार भी नहीं बचा पाई ।

असल में पक्ष और विपक्ष का लक्ष्य क्या है? देश की तरक्की? तो हो सकता है सत्ता पक्ष के लिए इसका रास्ता कोई और हो और विपक्ष के लिए कोई और । परन्तु दोनों का लक्ष्य तो एक ही है । इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि मोदी जी के ग्यारह वर्षों में भारत ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व तरक्की की है । यह भी सत्य है कि उतना विकास अन्य प्रधानमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ । परन्तु तब की परिस्थिति क्या थी, यह भी देखना चाहिए ।

असल में चाहे देश हो या विदेश परस्पर आलोचना भी नीति परक होना चाहिए । ठोस नीति पर आधारित शायद इसके लिए पक्ष और विपक्ष दोनों जिम्मेदार हैं । हमें आशा है मोदी जी इस और अपनी उदारतावश कोई रास्ता निकालेंगे ताकि परस्पर आलोचना में संसद का समय जाया न हो । आज आम आदमी बेरोजग़ारी, मंहगाई, बढ़ते अपराध और इंटरनेट क्राइम से परेशान है । पक्ष और विपक्ष दोनों को आम जनता की फिक्रहोनी चाहिए । यही कल्याण का मार्ग है ।

बच्चों के अस्तित्व पर स्वच्छ भारत मिशन का प्रभाव

विनोद के. पॉल

स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल–जनित बीमारियों के साथ–साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है।

भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरुआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया हैझ 'स्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम्' यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है।

इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों– केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान– के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया।

दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अंधेरे में अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाए रखने की दुविधा थी।

इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरुआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत–प्रतिशत हो गया।

इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक 'जन आंदोलन' के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम–स्तर के स्वयंसेवक ('स्वच्छाग्रही') ज़मीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, 'मन–की–बात' में किए जाने वाले वार्तालापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया।

भाजपा और आरएसएस के बीच अंदरूनी मनमुटाव

ओमप्रकाश मेहता

भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्डा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है।

भारत के मौजूदा सत्तारूढ़ खेमों में इस बात को लेकर अच्छी खासी चर्चा है कि ऐसी क्या खास वजह पैदा हो गई। जिससे देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी और उसके कथित संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) के बीच अंदरूनी मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई और जिसके कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ की राष्ट्रीय समन्वयक बैठक में यह कहना पड़ कि– भाजपा को संघ की अब कोई जरूरत नहीं है, अब भाजपा हर तरीके से अपने आपमें सक्षम और आत्मनिर्भर है।'' भाजपाध्यक्ष के इस बयान की देश के राजनीतिक क्षेत्रों में अच्छी खासी चर्चा है और कथन को लेकर मौजूदा और भविष्य के कयासों पर अटकलें तेज है। भाजपाध्यक्ष के इस बयान से संघ स्वयं वाली विस्मित है तथा अब वह अपनी अगली रणनीति को लेकर सजग व सक्रिय हो गया है, संघ प्रमुख केरल के पलक्कड में सम्पन्न इस सम्मेलन के बाद काफी चिंतित और सक्रिय हो गए है, उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने विश्वस्तों के साथ कई बार गंभीर मंत्रणाएं भी की है।

अब भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्डा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है।

अब ऐसे मौके पर राजनीतिक प्रेक्षकों को मोदी का राजनीतिक इतिहास याद आ रहा है, जब मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए दंगों के बाद अटल जी का सार्वजनिक रूप से मोदी से की गई तल्खी भरी बातचीत और मोदी की दो टूक सफाई इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के इस समय हुए दिल्ली दौरों और अटल–अड़वानी की तत्कालीन राजनीतिक भूमिका व मोदी के प्रति बर्ताव भी इन दिनों राजनीतिक क्षेत्रों में समीक्षा का विषय बना हुआ है और आज प्रधानमंत्री की संघ के प्रति तल्खी को उसी संदर्भ में जांचा परखा जो निकलेगें वे सार्वजनिक हो पाएगें या नही? यह तो फिलहाल कहना मुश्किल है, किंतु यह सही है कि इन परिणामों की प्रतीक्षा सभी को है, संघ को भी और मोदी खेमें को भी।

हाँ, तो चर्चा का मुख्य विषय संघ की मौजूदा स्थिति, उसका भाजपा पर असर और दोनों की भावी रणनीति है, अब यहां मौजूदा स्थिति को देखकर यह कहना भी गलत नही होगा कि मोदी और उनकी टोली को संघ की कोई चिंता नही है और यही संघ की चिंता का भी मुख्य कारण है और भाजपाध्यक्ष के स्पष्ट बयान ने तो स्थिति को और भी साफ कर दिया है, अब यदि संघ को अपने आपका अस्तित्व कायम रखना है तो उसे बिना किसी से सहयोग की अपेक्षा रखे खुद को ही इस दिशा में प्रयास करना पड़ेगें और अब यह भी स्पष्ट हो चुका है कि संघ को मोदी से किसी भी प्रकार के सहयोग या आदर भाव की अपेक्षा भी करना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि सत्ता के गुरूर में डूबी भाजपा व उसके नेता कई बार संघ को इसी तरह के संकेत दे चुके है, इसलिए अपनी अस्मिता कायम रखने के लिए संघ को ही प्रयास जारी रखना होगें, उसकी मद्द के लिए कोई साथ नही आएगा। अब इस सामयिक चेतावनी को संघ समय रहते समझ ले तो ठीक है, वर्ना मोदी का तो अभी करीब–करीब पूरा ही तीसरा कार्यकाल बाकी है।

युध्रा का लेटेस्ट ट्रैक हट जा बाजू रिलीज

एक्सेल एंटरटेनमेंट युध्रा के साथ एक थ्रिलिंग एंटरटेनमेंट देने के लिए तैयार है. दो एक्शन से भरपूर ट्रेलर, एक रोमांटिक सॉन्ग साथिया और एक हाई–एनर्जी पार्टी सॉन्ग सोहनी लगदी रिलीज करने के बाद, उन्होंने अब अपना लेटेस्ट ट्रैक हट जा बाजू को रिलीज कर दिया है. सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल पर फिल्माए गए इस स्टाइलिश ट्रैक में दोनों स्टार्स को जबरदस्त और स्टाइल के साथ एक–दूसरे से मुकाबला करते हुए दिखाया गया है.जब सिद्धांत चतुवेर्दी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल ने पुणे के एक कॉलेज इवेंट में हट जा बाजू लॉन्च किया, तब फिल्म और गाने को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया. ये ट्रैक ना सिर्फ राघव जुयाल के 4



साल बाद डांस में वापसी को मार्क करता है, बल्कि उनके जबरदस्त मूव्स को सिद्धांत के साथ शोकेस भी करता है. ये एक लाइवली और स्टाइलिश सॉन्ग है, जिसमें बहुत सारा ग्रूव है और जो दोनों स्टार्स के बीच की जबरदस्त केमिस्ट्री को हाईलाइट करता है.हट्ट जा बाजू में केली डिलीमा, विशाल ददलानी और अर्श मोहम्मद ने अपनी दमदार आवाज़ दी है, जबकि गीतकार मशहूर जावेद अख्तर हैं. इसे शंकर–एहसान–लॉय ने कंपोज किया है और पीयूष–शाजिया ने कोरियोग्राफ किया है. यह गाना फिल्म के लिए लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है.एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म में गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे शानदार कलाकार हैं, जो एक यादगार सिनेमाई अनुभव का वादा करते हैं.

विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर आउट

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की अपकमिंग कॉमिडी ड्रामा विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. ट्रेलर काफी मजेदार है और कॉमिडी से भरपूर है. फिल्म में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं उनके साथ ही मल्लिका शेरावत, विजय राज, मस्त अली जैसे कलाकार सपोर्टिंग रोल में हैं. इनके अलावा शहनाज गिल और दलेर मेहंदी का गाने में स्पेशल अपीयरेंस है. ट्रेलर की शुरूआत में विक्की और विद्या अपनी का इंटीमेट वीडियो बनाते हैं और इसे रिकॉर्ड करते हैं लेकिन इसकी सीडी प्लेयर कही चोरी हो जाती है. इसी को खोजने की जद्दोजहद में मेकर्स ने गजब का कॉमिडी का तड़का लगाया है जिसमें विजय राज एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं जो मल्लिका शेरावत के प्यार में पड़ जाता है.

जय शाह ने भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली, 14 सितंबर । बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को शनिवार को उनके 34वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।टी20 फॉर्मेट में सूर्या एक दिग्गज और आक्रमक बल्लेबाज हैं। उन्होंने पुरुषों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग हासिल की। उनके करियर की सबसे बड़ी अचीवमेंट टी20 विश्व कप फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच था, जिसने भारत की झोली में विश्व कप डालने में अहम भूमिका निभाई।इस तरह टीम इंडिया ने भारत के लिए वैश्विक खिताब जीतने

का 11 साल के सूखे को समाप्त किया।

शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हमारे टी20 कप्तान और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले मिस्टर 360 को जन्मदिन की शुभकामनाएं! मैं आपको सबसे छोटे प्रारूप में मेन इन ब्लू को कई जीतों की ओर ले जाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं। आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं!2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से, सूर्यकुमार ने खुद को टी20 बल्लेबाजी के महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित किया है। हालांकि उनका वनडे और टेस्ट करियर अभी तक उन ऊंचाइयों तक नहीं पहुंचा है।कोयंबटूर में बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में टीएनसीए इलेवन के खिलाफ मुंबई के मैच के दौरान हाथ में चोट लगने के बाद सूर्यकुमार एक्शन से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण वह दलीप ट्रॉफी से भी चूक गए।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो सूर्यकुमार बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों में भारत की कप्तानी करेंगे।ये मैच क्रमशः 6, 9 और 12 अक्टूबर को ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में खेले जाएंगे। पिछली बार बांग्लादेश ने 2019 में भारत का दौरा किया था, जहां वे तीन मैचों की टी20 सीरीज 2–1 से हार गए थे।

भुवन बाम की ताजा खबर 2 का ट्रेलर जारी, जावेद जाफरी से भिड़ते दिखेंगे अभिनेता

कॉमेडियन और अभिनेता भुवन बाम की वेब सीरीज ताजा खबर को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह सीरीज बीते साल 5 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी।अब दर्शक ताजा खबर के दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।दरअसल, ताजा खबर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिस पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं।नए सीजन में भुवन की भिड़ंत जावेद जाफरी से होने वाली है।भुवन बाम ने दर्शकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनसे मिले प्यार से वह काफी उत्साहित

महसूस करते हैं। उन्होंने इस सीजन का इंतजार करने को लेकर दर्शकों का आश्वस्त करते हुए कहा कि उनका इंतजार सफल साबित होगा। भुवन ने कहा, सीजन 2 की शूटिंग भावनात्मक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण रही है और मैं खुद को वास्या की आंखों में देख सकता था। इस सीजन में मेरे किरदार का ग्राफ बढ़ता है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्हें दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी के साथ काम करने में काफी मजा आया। ताजा खबर 2 की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। इस सीरीज का प्रीमियर 27 सितंबर, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने जा रहा है।इसमें भुवन और जावेद के अलावा श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, प्रथमेश परब, नित्या माथुर, देवेन भोजनी और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

अल्काराज, बतिस्ता का शानदार प्रदर्शन, डेविस कप फाइनल चरण में स्पेन

मैड्रिड, कार्लोस अल्काराज और रॉबर्टो बतिस्ता ने शुक्रवार को वेलेंसिया में फ्रांस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने एकल मैच जीते। इसी के साथ स्पेन ने डेविस कप के अंतिम चरण में अपनी जगह पक्की भी की। अल्काराज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए उगो हम्बर्ट को 6–3, 6–3 से हराया और अब उसका रविवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला होगा। हम्बर्ट ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ आक्रमक होने की कोशिश की, लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने, अल्काराज हावी दिखे।

बतिस्ता ने स्पेन को विजयी शुरुआत दिलाई, हालांकि स्थानीय खिलाड़ी को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करनी पड़ी और दूसरे सेट में ब्रेक डाउन के बाद उन्होंने आर्थर फिल्स को तीन घंटे से भी कम समय में 2–6, 7–5, 6–3 से हराया।

भारतीय गेंदबाजों के पेशेवर रवैये से वाकई हैरान हूं: मोर्ने मोर्कल

नई दिल्ली, 14 सितंबर । भारत के नए गेंदबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभालने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल उत्साहित हैं। वे भारत के अनुभवी और युवा तेज गेंदबाजों की लाइन–लेंथ और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं।बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज उनका टीम इंडिया के साथ पहला असाइनमेंट होगा। वो प्रैक्टिस सेशन के पहले दिन भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी हैरान हैं।

चेन्नई में पहला टेस्ट 23 सितंबर और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दोनों मैच चल रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा हैं, जहां भारत 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

मोर्ने मोर्कल ने बीसीसीआई टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, आज का लक्ष्य खिलाड़ियों, उनकी ताकत, उनकी कमजोरियों को समझना और आगामी सीरीज के लिए लक्ष्य निर्धारित करना था। खिलाड़ियों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं इस बात से हैरान था कि उन्होंने किस तरह से काम किया, वे कितने पेशेवर थे। इसलिए यह एक अच्छा संकेत है और उम्मीद है कि हम इस पर काम कर पाएंगे।

तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के 12 साल के अनुभव के साथ यह पूर्व तेज गेंदबाज

एक नजर

सैन्य सम्मान के साथ शहीद को दी अंतिम विदाई

रुद्रप्रयाग : जम्मू कश्मीर के तंगधार में शहीद हुए रुद्रप्रयाग जनपद के जवाड़ी निवासी सैनिक प्रमोद डबराल को उनके पैतृक घाट में बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी। इस दौरान उनके भाई ने चिता को मुखाग्नि दी। सम्पूर्ण भरदार क्षेत्र और रुद्रप्रयाग नगर में सैनिक के शहीद होने की खबर से शोक की लहर है। भरदार पट्टी के जवाड़ी (उत्यासू) गांव निवासी 30 वर्षीय प्रमोद डबराल वर्ष 2014 में भारतीय सेना के 2 गढ़वाल राइफल में भर्ती हुए थे। करीब दस वषो की सेवा के बाद वे वर्तमान में जम्मू कश्मीर के 46 आरआर तंगधार में तैनात थे। बीती 12 सितम्बर को सुबह सेना की बस की छत पर डयूटी के दौरान प्रमोद को बिजली का झटका लगा। जिसके बाद सेना के जवान उसे उपचार के लिए पहले एमआई 46 आरआर ले गए और फिर वहां से उसे सेंटल एमआई रूम 319 एफडी अस्पताल बारामुल्ला में रेफर किया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सेना के अधिकारियों ने सैनिक के शहीद होने की सूचना उसके परिजनों को दी। (एजेंसी)

देवर्षि नारद की पूजा-अर्चना की

रुद्रप्रयाग : श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति तथा स्थानीय बामणी और सीमांत ग्राम माणा तथा डिमरी हक-हकूकधारियों के तत्वावधान में श्री बदरीनाथ धाम में धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। रविवार को नंदाष्टमी, नारद उत्सव, घंटाकर्ण के माणा से बदरीनाथ मंदिर आने के बाद माता मूर्ति उत्सव का आयोजन होगा। शनिवार सुबह श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के तत्वावधान देवर्षि नारद महोत्सव का भी आयोजन हुआ इससे पहले बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने पूर्व रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी का बदरीनाथ आगमन पर स्वागत किया। नारद उत्सव में श्री बदरीनाथ मंदिर से श्री बदरीनाथ धाम रावल अमरनाथ नंबूदरी सैंगोल छड़ी के साथ तथा पूर्व रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी और डिमरी पंचायत के प्रतिनिधि कलश यात्रा के साथ पूजा अर्चना हेतु नारद कुंड के समीप देवर्षि नारद शिला तथा मूर्ति के निकट पहुंचे रावल धर्माधिकारी, वेदपाठी आचार्यों ने देवर्षि नारद पूजा-अर्चना, अभिषेक संपन्न किया। (एजेंसी)

बदरीनाथ हाईवे कई जगह रहा बाधित

चमोली : दो दिन की बारिश के बाद शनिवार को चमोली जिले में मौसम साफ रहा। लेकिन बदरीनाथ हाईवे समेत जिले के संपर्क मार्गों का का बुरा हाल बना हुआ है। बदरीनाथ हाईवे नन्दप्रयाग समेत 5 स्थानों पर बाधित रहा। शनिवार को जिले में 54 सड़कें अवरुद्ध रहीं। इस बरसात के सीजन में ऐसा पहली बार दिखा रहा। जब रिकार्ड संख्या में सड़कें मलबा बोल्डर आने से अवरुद्ध रहीं। शनिवार को भी बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर पहाड़ियों से बोल्डर और मलबा आने से अवरुद्ध रहा। नन्दप्रयाग में बदरीनाथ हाईवे शनिवार की सुबह 5 बजे फिर मलबा आने से अवरुद्ध हुआ। वैकल्पिक मार्ग नन्दप्रयाग सैकोट सड़क भी पिंगल में 8 बजे बोल्डर पत्थर आने से 8 बजे बाधित हो गई थी। मशीन और मेन पावर के लगातार कार्य करने पर 11 बजे यह सड़क हल्के वाहनों के लिए खुल सकी। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, बदरीनाथ के विधायक लखपत बुटोला ने प्रशासन से जिले में बंद सडकों को सुचारू करने के कार्य में और तेजी लाने को कहा है। शासन के मांग करते हुए कहा सड़कें खोलने के लिए संसाधन बढ़ाए जाय। (एजेंसी)

प्रशासन बंद सड़कों को जल्द खुलवाए

चमोली : कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शनिवार को बदरीनाथ हाईवे समेत चमोली जिले की 50 से अधिक अवरुद्ध सडकों की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए सभी सडकों को शीघ्र सुचारू करने की मांग की। बदरीनाथ हाईवे की नन्दप्रयाग में खराब स्थिति को लेकर कांग्रेस गोदियाल ने स्थानीय जनता और कांग्रेस नेताओं के साथ जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाईवे पर आ रहे मलबे और बोल्डर के निष्पादन और पहाड़ी तथा खाई साइड में क्रेटिंग वॉल बनाने की मांग की। उन्होंने बरसात और आपदा के मौजूदा समय में जनता के साथ खड़े होकर हर सम्भव सहायता का सुझाव कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया। गोदियाल ने कहा केदारनाथ विधानसभा चुनाव परिणाम भी बदरीनाथ के चुनाव परिणाम की तरह ही कांग्रेस के पक्ष में होंगे। ऐसा उनका विश्वास है। कहा कि केदारनाथ विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र का कांग्रेस कार्यकर्ता ही होगा। यह नीति का तकाजा भी है। (एजेंसी)

प्रदूषण कम करके डैमेज होने से बचेगी ओजोन परत

पोस्टर प्रतियोगिता में सुप्रिया ने रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : डॉ. पीतांबर दत्त बड़वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के वनस्पति विज्ञान विभाग में गत शुक्रवार को विश्व ओजोन संरक्षण दिवस के उपलक्ष में ओजोन फार लाइफ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ओजोन परत के डैमेज होने से पराबैंगनी किरणें धरती पर अधिक मात्रा में पहुंचकर त्वचा कैंसर, दमा, मोतियाबिंद और आनुवंशिक उत्परिवर्तन जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। अगर लोग प्रदूषण को कम कर सकते हैं तो ओजोन परत को डैमेज होने से बचाया जा सकता है।

पोस्टर प्रतियोगिता की विजेता को सम्मानित करते हुए प्राध्यापक।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि विश्व ओजोन दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है जो हमें ओजोन परत के गहन महत्व और इसे बचाने के लिए चल रहे प्रयासों की याद दिलाता है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और बंटी हुई वैश्विक जागरूकता के माध्यम से हम ओजोन परत को ठीक करने और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की दिशा में सहयोगात्मक रूप से कम कर सकते हैं। जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित हो सके। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बसंतिका कश्यप ने कहा कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों के कुल वैश्विक उत्पादन और खपत को नियंत्रित करने के उपाय करके ओजोन परत की रक्षा करना है। जिसका अंतिम उद्देश्य वैज्ञानिक ज्ञान और तकनीकी जानकारी के विकास के आधार पर उनका उन्मूलन करना है। रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि विश्व ओजोन दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, ताकि हम ओजोन परत के महत्व को याद रखें और इसे बचाने के लिए काम करना जारी रखें। हम सभी छोटे-छोटे बदलाव करके ओजोन परत की रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता भट्ट ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुप्रिया, द्वितीय स्थान एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सोनाक्षी भंडारी, तृतीय स्थान बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका ने प्राप्त किया। जबकि बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा वंशिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. राखी डिमरी ने कहा कि विश्व ओजोन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को ओजोन परत के बारे में जानकारी देना और डैमेज हो रही ओजोन परत के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता कुकरेती, डॉ. नेहा कुकरेती, बीरेंद्र सिंह, शीशपाल सिंह राणा, भारत सिंह रावत, कुलदीप सिंह रावत, कमलेश कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लोक अदालत में 304 वादों का किया निस्तारण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल द्वारा 14 सितंबर द्वित्तीय शनिवार को इस जनपद के समस्त न्यायालयों (मुख्यालय पौडी, कोटद्वार, श्रीनगर, लैंसडौन) में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सिविल जज (सी.डि.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 310 वादों में 304 वादों का निस्तारण किया गया है। प्री-लिटिगेशन के 18 वाद निस्तारित किये गये।

दो सप्ताह से डायलिसिस यूनिट बंद, मरीज देहरादून की दौड़ लगाने को मजबूर

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान शोध संस्थान के टीचिंग बेस चिकित्सालय में दो सप्ताह से डायलिसिस यूनिट बंद पड़ी हुई है। मामले को लेकर मरीजों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की है। डायलिसिस यूनिट बंद होने से दूर-दराज से पहुंचे रहे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेस चिकित्सालय में प्रत्येक दिन 20 से 25 मरीजों का डायलिसिस होता है। श्रीनगर में डायलिसिस यूनिट संचालित नहीं होने से मरीजों को अब देहरादून की दौड़ लगानी पड़ रही है। डायलिसिस कराने पहुंचे घसियामहादेव निवासी प्रमोद रतूड़ी ने बताया कि वर्ष 2022 में दिल्ली एम्स में किडनी ट्रांसप्लांट की गई थी। जिसके बाद दिल्ली में ही डायलिसिस शुरू की गई। वर्ष 2023 में बेस चिकित्सालय श्रीकोट में डायलिसिस यूनिट शुरू होने से मरीज को लगा कि अब दिल्ली, देहरादून सहित अन्य स्थानों की दौड़ भाग नहीं करनी पड़ेगी। लेकिन बीते 26 अगस्त से बेस चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट बंद होने से पौड़ी, टिहरी, चमोली और रूद्रप्रयाग से आने वाले मरीजों का डायलिसिस नहीं हो पा रहा है। बताया कि उनका एक सप्ताह में तीन बार डायलिसिस होता है। बेस चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा न मिलने पर वह बेबस होकर महंगे दामों पर देहरादून में डायलिसिस कराने को मजबूर हैं। वहीं कीर्तिनगर डागर से उत्तम सिंह, काण्डई से कैलाश, गुप्तकाशी से संदीप, रुद्रप्रयाग से शशि बलोनी, चौरास से शैलेश मलासी ने कहा कि श्रीनगर में डायलिसिस यूनिट बंद होने से उन्हें देहरादून जाना पड़ रहा है। बताया कि यूनिट को सुचारु करने के लिए बेस चिकित्सालय प्रशासन से कई बार मांग कर चुके हैं। बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है।

ठेकेदारों ने की लोनिवि कार्यालय में तालाबंदी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति दुगड्डा और देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति ने शनिवार को 19 सूत्री मांगों को लेकर लोनिवि दुगड्डा के कार्यालय में धरना देकर तालाबंदी की। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति में सहायक अभियंता सत्यप्रकाश राठौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ठेकेदारों ने निविदा में अनुभव की समय सीमा सात वर्ष करने, प्रत्येक वर्ष 8 फीसदी की वृद्धि कर अनुभव की रकम को मान्य करने, एसबीडी की भांति जीपीडी 9 में सभी निर्णय अधीक्षण अभियंता द्वारा लेने, निर्माण कार्यों में रॉयल्टी की वसूली निर्माण विभाग द्वारा न कराने, 10 करोड़ तक के कार्य उत्तराखंड के स्थायी व मूल निवासी ठेकेदारों को देने और निविदा में स्थायी, मूल निवास प्रमाणपत्र की अनिवार्यता करने की मांग की है। इस मौके पर पर्वतीय ठेकेदार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह, किशोर कुमार लखेड़ा, आशीष रावत, राजीव कोठारी, भास्कर बड़थ्वाल, दिनेश रावत, दिलवर सिंह, नंदकिशोर डबराल, जयप्रकाश और गौरव रावत आदि शामिल रहे।

निबंध प्रतियोगिता में टीसीजी स्कूल की अर्चिता काला ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड द्वारा संचालित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर कोटद्वार में शनिवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिंदी के विकास में बाधक तत्व एवं उनका उन्मूलन विषय पर अन्तर्विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निर्णायक मीनाक्षी शर्मा, हिंदी विषय विशेषज्ञ हरीश रावत, मधुबाला नौटियाल, विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र जखमोला एवं प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजिका नंदिनी नैथानी ने भाषण प्रतियोगिता के नियम प्रतिभागियों को बताएं। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में टीसीजी पब्लिक स्कूल की अर्चिता काला ने प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रियांशी ने द्वितीय, टीसीजी स्कूल की श्रेयांशी एवं ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल की कनिका तिवाड़ी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने प्रतिभागियों को हिंदी के प्रथम डिलीट डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल एवं चंद्र कुंवर बर्थवाल के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के महान लेखकों एवं कवियों ने हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए वृहद प्रयास किया। वर्तमान समय में आंग्ल भाषा का सर्वाधिक प्रचलन है, जिस कारण हिंदी के संवर्धन में भाषा ही बाधक बनी हुई है। कार्यक्रम का संचालन रोहित बलोदी ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, संगीता रावत, प्रतिभागी स्कूलों के संरक्षक आदि मौजूद रहे।

विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि।

हिन्दी भाषा समूचे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने में सक्षम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. मीरा कुमारी ने हिन्दी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसकी आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. कपिल थपलियाल ने हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर विचार साझा किये। डॉ. सुमन कुकरेती ने कहा कि एक मात्र हिन्दी भाषा ही वह माध्यम है जो समूचे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने में सक्षम हैं। डॉ. विजयलक्ष्मी ने भाषा की प्राचीन परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि राष्ट्रभाषा की अधिकारिणी हिन्दी मात्र राजभाषा बनकर रह गई है। हमें अपने प्रयासों से उसे सम्मान दिलाना है और यही हिन्दी दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता है। यह हमारे ऋषि मुनियों की परंपरा है जो संस्कृति रूप में फलफूल रही है। इस मौके पर हिन्दी दिवस की प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन बिष्ट बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, एकता एमए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय और वैशाली बीए प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भाषण प्रतियोगिता में विचार व्यक्त करते हुए छात्रा।

अफसरों ने किया सुंरग में हो रहे कार्य का निरीक्षण

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित संगम सुरंग पर चल रहे मरम्मत कार्य का शनिवार को उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल और पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कार्य कर रही संस्था को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। शनिवार को दोनों अफसरों ने संगम सुरंग पहुंचकर यहां हो रहे कार्य का निरीक्षण किया। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने उप जिलाधिकारी सदर आशीष घिल्डियाल के साथ केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेलनी पुल से पर पौराणिक सुरंग पर चल रहे मरम्मत कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित कार्यदायी संस्था को यथाशीघ्र कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि दूसरे चरण की केदारनाथ यात्रा शुरू हो गई है इसके लिए केदारनाथ यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों एवं आम जनता की सुविधा के लिए सुरंग पर समय पर कार्य पूरा किया जाए।

कांग्रेसियों ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने पर जताया रोष

तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला कांग्रेस कमेटी ने लाल बत्ती चौक पर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण पर आक्रोश व्यक्त किया। कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की।

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में तहसीलदार साक्षी उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि लालबत्ती चौक पर सरकारी भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा शौचालय के नाम पर अवैध निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा एक साल पूर्व भी अवैध अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया था, जिस पर रोक लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाया जाना जरूरी है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रवेश रावत, बलबीर सिंह रावत, रमेश खंतवाल, प्रदीप नेगी, गोपाल सिंह गसुांई, गबर सिंह रावत, इंटर कालेज पीटीए अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल आदि शामिल रहे।

स्काउट एवं गाइडों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

चार दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर का हुआ समापन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारत स्काउट एवं गाइड जनपद पौड़ी के तत्तावधान में चार दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्काउट एवं गाइडों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। राज्य पुरस्कार शिविर के अवसर पर स्काउट एवं गाइड को कैंप क्राफ्ट, हाइकिंग, मैप रीडिंग, पुल निर्माण, पयनिरिंग आदि की जानकारी दी गई।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राज कुमार पोरी ने किया। भारत स्काउट गाइड जनपद पौड़ी के जिला सचिव केशर सिंह असवाल ने बताया शिविर में लगभग 76 गाइड एवं 38 स्काउट ने प्रतिभाग किया। जिसमें एकेश्वर, पोखड़ा, थलीसैंण, नैनीडांडा, दुगड्डा, पौड़ी, कल्जीखाल, कोट, खिर्सू, पाबों आदि ब्लाकों के प्रतिभागी शमिल थे। इस चार दिवसिय शिविर में विभिन्न परीक्षाओं में स्काउट एवं गाइड ने परीक्षा देकर राज्य पुरस्कार के लिए चयनित हुए। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड उत्तराखंड शाखा से प्रादेशिक संगठन आयुक्त वीरेंद्र बिष्ट, परीक्षक के रूप में केशर सिंह असवाल, अजय शेखर बहुगुणा, गौरीशंकर जोशी, राज रानी, शांति रतूड़ी, नरेश चंद बिंद, जिला कार्यकारणी से अशीष नेगी, वीरेंद्र जदली, शकुंतला बुड़ाकोटी, प्रदीप कुमार, संतोष वर्धन, मीनाक्षी ध्यानी, लता तिवारी, अनीता, रूप चंद लखेड़ा, गाइड कैप्टन एवं स्काउट मास्टर मौजूद थे।

बहुगुणानगर में 34 परिवार खतरे के साए में रहने को मजबूर

चमोली : कर्णप्रयाग के बहुगुणानगर में पिछले दो सालों से 34 परिवार खतरे के साए में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान में दरार और आंगन धंसने का दायरा लगातार बढ़ रहा है। सुरक्षा के उपाय न होने पर लोगों चिंता बढ़ती जा रही है। वहीं, सुभाषनगर में पांच मकानों और अपर बाजार में आठ मकानों को खतरा बना है। बहुगुणानगनर के पुष्कर रावत, हरेंद्र सिंह, वीपी सती व राकेश खंडूड़ी ने कहा कि बहुगुणानगर में 11 साल पहले सब्जी मंडी बनाने के लिए मशीनों से खुदाई की गई। जिससे बरसात में धीरे-धीरे भूधंसाव होना शुरू हुआ। वर्ष 2022 में वहां भूधंसाव का दायरा बढ़ने लगा और 39 मकानों में दरारें आ गई।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

1.	कार्य का नाम व स्थान	उप मुख्य अभियन्ता मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद, उत्तर रेलवे, निर्माण/मण्डल के अन्तर्गत रोसा–सीतापुर सेक्शन के सीतापुर सिटी स्टेशन यार्ड में कि०मी० सं० 78.130 पर लेवल क्रासिंग संख्या 51 (स्पेशल क्लास) के स्थान पर (02–लेन) रोड ओवर ब्रिज (स्पैन 1x52.366m + 1x49.508m) (कम्पोजिट स्टील गर्डर) का निर्माण, लखनऊ – मुरादाबाद सेक्शन के पिताम्बरपुर स्टेशन यार्ड में कि०मी० सं. 1288/17–19 पर लेवल क्रासिंग संख्या 352/C (स्पेशल क्लास) के स्थान पर (02–लेन) रोड ओवर ब्रिज (स्पैन 1x36.0m + 1x18.0m) (कम्पोजिट स्टील गर्डर) का निर्माण एवं लखनऊ – मुरादाबाद सेक्शन में संडीला स्टेशन यार्ड के पास कि०मी० सं. 1124/13–15 पर लेवल क्रासिंग संख्या 349/C (स्पेशल क्लास) के स्थान पर (02–लेन) रोड ओवर ब्रिज के एप्रोच पोर्सन के सुपर स्ट्रक्चर स्पैन (स्पैन 1x36.0m) (कम्पोजिट स्टील गर्डर) (नहर के ऊपर) का निर्माण कार्य।
2.	कार्य पूरा करने की अवधि	12 (बारह) माह
3.	कार्य की अनुमानित लागत	रू. 4606.94 लाख
4.	जमा की जाने वाली जमानत राशि	रू. 24,53,500.00
5.	निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी	ई निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.09.2024 से दिनांक 09.10.2024 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है।
6.	ई–निविदा अपलोड करने व खुलने की तिथि	ई–निविदा दिनांक 25.09.2024 से 09.10.2024 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। बोलीकर्ता ई–टेण्डर में भाग ले सकते हैं। टेकनिकल कम कमर्शियल बिड दिनांक 09.10.2024 को 11:30 बजे तक ई–टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी।

निविदा सूचना सं०– 1–डब्लू– टेण्डर–286–उप मु० अभि० नि० मुरादाबाद दिनांक– 13.09.2024 2884/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हिन्दी हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक : डॉ. थपलियाल

श्रीनगर गढ़वाल : हिन्दी दिवस पर गढ़वाल विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में शनिवार को कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल की पुण्यतिथि पर उनके साहित्यिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा ने की। उन्होंने हिन्दी की वैश्विक पृष्ठभूमि और वर्तमान प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा का सम्मान आज वैश्विक स्तर पर हो रहा है। कहा कि हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बन चुकी है, वहीं सरकारी स्तर पर एनईपी पाठ्यक्रम में भी भाषाओं के योगदान को समझा जा रहा है। डॉ. कपिल पंवार ने हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल के साहित्यिक योगदान पर चर्चा करते हुए हिन्दी में रोजगार की अपार संभावनाओं पर अपने वक्तव्य रखे। डॉ. अनूप सेमवाल, डॉ. रोहित कुमार, लवकेश कुमार ने हिन्दी की वर्तमान स्थिति और साहित्य पर चर्चा की। वहीं देवस्थली पीजी कॉलेज बायोमेडिकल साइंस एंड रिसर्च श्रीनगर की प्राचार्य डॉ. नीलम थपलियाल ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है। यह हमें हमारे इतिहास, साहित्य एवं परम्पराओं से जोड़ती है। कहा कि हम सभी को हिन्दी भाषा का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में रेशमा, प्रेक्षा डोभाल, शीतल शर्मा, शोधार्थी, छात्र-छात्रायें आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में रहने को मजबूर मुनेठ के ग्रामीण

नई टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग के निकटवर्ती मुनेठ गांव में ट्रांसफार्मर जलने से पिछले हफ्ते से अंधेरा छाया हुआ है।

जंगली जानवरों के भय से ग्रामीण अंधेरा होते ही घर में कैद होने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान रजनी रावत के अनुसार ट्रांसफार्मर खराब होने कि सूचना ग्राम पंचायत में ही स्थित विद्युत उपखंड संस्थान, बागी में अधिकारियों को दे दी गयी थी। लेकिन एक सप्ताह के बाद भी गांव का ट्रांसफर्मर नहीं बदला गया है। जिससे ग्रामीणों को खासा रोष बना है। उधर एसडीओ प्रियंका नेगी का कहना है कि ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं होने से इसको नहीं बदला जा सका है। अंधेरे में जी रहे मुनेठ वासियों के अनुसार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन के अंदर ट्रांसफार्मर बदलने का प्रावधान किया गया है। किंतु विभागीय अव्यवस्था के कारण यह मुमकिन नहीं हो पा रहा है। ऊर्जा निगम स्टोर अधिकारी जितेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि ट्रांसफार्मर डिमांड के अनुसार बदले जाते हैं। स्टोर में ट्रांसफार्मर कुछ दिन पहले ही खत्म चुके हैं।

एक नजर

निबंध में संजना रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्कूलों और महाविद्यालयों में शनिवार को हिन्दी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में हिन्दी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हिन्दी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संजना, दीपा रावत, गीता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कक्ष निरीक्षक डा. विवेक रावत, मूल्यांकनकर्ता डा. सुधीर सिंह रावत, संजना, प्रभारी प्राचार्य डा. छाया सिंह, हिन्दी विभाग प्रभारी डा. अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

युद्ध सम्मान दिवस 16 सितंबर को

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आठवीं गढ़वाल राइफल्स के पूर्व सैनिक संगठन की ओर से 16 सितंबर को बटालियन युद्ध सम्मान दिवस का आयोजन किया जायेगा। एक स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने सहित बटालियन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जायेगा। इसके अलावा बटालियन के पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं पर भी चर्चा की जायेगी। यह जानकारी शनिवार को संगठन अध्यक्ष सेनि. सूबेदार ताजबर सिंह ने दी।

छः माह से लंबित चल रहे मामलों को जल्द निपटाएं : एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने थाना प्रभारियों और विवेचकों की शनिवार को वीसी के माध्यम से बैठक ली। एसएसपी ने कहा कि जिन मामलों में आरोपी गिरफ्तारी से बच रहे हैं उनके विरुद्ध कोर्ट से गैर जमानती वारंट प्राप्त कर तत्काल गिरफ्तारी के प्रयास किए जाए। एसएसपी ने मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित और ईनामी अपराधियों की शतफीसदी गिरफ्तारी करने और चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने 6 महीने से लंबित चल रहे मामलों को जल्द निपटाने, सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उनको जिला बदर करने, एक से अधिक अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को कहा।

थत्यूड़ में अनियंत्रित होकर पलटा ट्राला

नई टिहरी : जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ के ढाणा बाजार के समीप शनिवार सुबह एक ट्राला अनियंत्रित होकर नाले में पलट गया। इस ट्राले में ह्यूम पाइप लदे थे। जिनको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ लाया जा रहा था। हादसे में चालक, परिचालक और वहां स्थित बस्ती के लोग बाल-बाल बच गए। ट्राला नाले के क्षतिग्रस्त हिस्से पर पलटा गया। जिससे वहां बड़ा हादसा होने से टल गया। स्थानीय निवासियों रामलाल थपलियाल, अर्जुन भंडारी, सुरेंद्र रांगड़ और राजेंद्र पवार ने कहा कि लोनिवि की लापरवाही के कारण सड़क खस्ताहाल है। जिस कारण सामान से भरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकवीर पंवार और विक्रम सिंह चौहान ने मांग की है कि जल्द सड़क का डामरीकरण और क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत की जाए।

लोनिवि के ईई लोकेश सारस्वत ने बताया कि नाले पर ह्यूम पाइप डालने का काम शीघ्र पूरा किया जा रहा है। सड़क का डामरीकरण का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य कराया जाएगा। (एजेंसी)

विकसित भारत की संकल्पना के लिए सभी की भागीदारी जरूरी

नई टिहरी : भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर है। पदाधिकारी और कार्यकर्ता ऑनलाइन माध्यम से अधिकाधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिला रहे हैं। शनिवार को बीसूका के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला के नेतृत्व में नई टिहरी में वृहद सदस्यता अभियान चलाया गया। दायित्वधारी गैरोला का टिहरी पहुंचने पर जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, महामंत्री उदय रावत, मंडल अध्यक्ष गोपीराम चमोली ने स्वागत कर उन्हें अभियान की प्रगति बताई।

राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है मातृभाषा हिंदी

नई टिहरी : गढ़वाल विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाही थौल में हिन्दी दिवस पखवाड़े का परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. एमएस नेगी, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्पणा सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. हंसराज विष्ट ने शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रभारी निदेशक प्रो. नेगी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की आधार शिला मातृभाषा हिन्दी है। शनिवार को परिसर में आयोजित हिन्दी दिवस पर प्रो. पीडी सेमल्टी और प्रो. डीएस बागड़ी ने कहा कि राजभाषा हिन्दी को अपने चाल चलन एवं क्रियाकलाप में उपयोगकर बढ़ाने का काम करें। आज जहां कई छात्र-छात्राएं हिन्दी को अच्छे से समझते हैं, बोलते हैं, लेकिन इसके प्रयोग से बचते हैं। हिन्दी जहां राष्ट्र के निर्माण में सहायक है। वहीं हिन्दी सभी धर्म के व्यक्तियों को समाज में एक जुट रखने का कार्य भी करती है। विज्ञान के अध्ययन में हिन्दी की व्यावहारिक कठिनाइयां एवं उसके उपयोग के बारे में भी छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में अवगत कराया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. अर्पणा ने बताया कि दो सप्ताह तक परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सुलेख, कविता पाठ, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के समापन दिवस 27 सितंबर को विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन डा. अमित कुमार ने किया। इस मौके पर प्रो. एसके शर्मा, प्रो. सुबोध कुमार, डॉ. प्रेम बहादुर, डॉ. मनोज नौटियाल, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. सुमन, डॉ. सना रफी, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. हेमराज, डॉ. आराधना बधानी, डॉ. अनिल मीणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता की प्रतीक

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में हिन्दी दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रियंका, राखी और तनीषा गौड़ ने हिन्दी भाषा की वर्तमान स्थिति व भविष्य को लेकर अपनी स्वरचित कविताओं का वाचन किया। प्राचार्य प्रोफेसर वीएन खाली ने हिन्दी भाषा की उपयोगिता व प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. राधा रावत ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिन्दी भाषा को समृद्ध करके ही हम अपने अस्तित्व को बचाने में सफल हो सकते हैं। रविंद्र नेगी ने भी हिन्दी भाषा के महत्व व इसकी वैज्ञानिकता पर अपने विचार प्रकट किये। डॉ. चंद्रमोहन जनस्वान ने भी वर्तमान समय में हिन्दी की प्रासंगिकता को लेकर चर्चा की। मौके पर डॉ. इंद्रेश पांडे, डॉ. अखिलेश कुकरेती, डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. कीर्तिराम डंगवाल, डॉ. कमल किशोर द्विवेदी, डॉ. कविता पाठक, डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ. पूनम, डॉ. शालिनी सैनी डॉ. दिशा शर्मा, जगदीश रावत, एसएल मुनियाल व मुकेश कंडारी आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण

देहरादून। लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 15 सितंबर, 2024 को उत्तराखण्ड के राज्यपाल के पद पर 3 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने उत्तराखण्ड के विकास के लिए रिवर्स पलायन, महिला सशक्तीकरण एवं बालिका शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं तकनीकी, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि और वेलनेस पाँच मिशन निर्धारित किए। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

उच्च शिक्षा में सुधार हेतु प्रभावी कदम

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के इंटरेक्शन में पारदर्शिता लाने के लिए इंटरेक्शन की वीडियो रिकॉर्डिंग की शुरुआत की है। उन्होंने विश्वविद्यालयों की जवाबदेही और स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए नियुक्तियों तथा कार्य परिषदों की बैठकों में पूर्ण पारदर्शिता तथा शुचिता के दृष्टिगत बैठकों तथा तत्संबंधी कार्यवाहियों की नियमित रूप से वीडियो रिकॉर्डिंग करने के निर्देश जारी किये हैं।

वन यूनिवर्सिटी वन रिसर्चः

राज्यपाल द्वारा सभी विश्वविद्यालयों और 5 निजी विश्वविद्यालयों को राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से लघु शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध के विषय का चयन किया गया है जिसकी रिपोर्ट जनवरी 2025 तक प्रस्तुत की जानी है।

तहसील शिव मंदिर समिति की मासिक बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित

रुड़की। तहसील शिव मंदिर समिति की मासिक बैठक तहसील शिव मंदिर कार्यलय पर समिति अध्यक्ष सतबीर सिंह राणा पूर्व तहसीलदार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मंदिर में अधिक से अधिक धर्म के कार्यों को किए जाने पर विचार रखेंगे व नित्य मंदिर की साफ सफाई व्यवस्था व मंदिर में नए गेट लगाने व इच्छुक नए समिति सदस्यों को जोड़ने आदि विषयों पर विचार रखे गए। मंदिर में आगामी त्यौहार नवरात्र पर्व आदि मनाने पर मंथन हुआ। बैठक में अनिल कुमार पूर्व नायाब नाजिर समिति कोषाध्यक्ष व ज्ञान सिंह, सचिव मंगेश त्यागी व मंदिर समिति पदाधिकारी नवीन कुमार जैन सहसचिव, दयानंद गौतम पूर्व तहसीलदार, सचिन गोंड़वाल आदि मौजूद रहे।

जनसमस्याओं का तत्काल समाधान करवाएं विभागीय अधिकारीः खजानदास

देहरादून। विधायक राजपुर रोड विधानसभा खजानदास ने स्मार्ट सिटी, लोक निर्माण विभाग, जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शिकायत दर्ज करवाता है तो उसे हल करवाने को ठोस कदम उठाए जाएं।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान विधानसभा के अंतर्गत बरसात के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों, नालियों, पुश्तों आदि की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से प्रिंस चौक से भूसा स्टोर के मध्य निर्माणाधीन सीवर लाइन के कार्य की धीमी रफ्तार को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

डीएम दीक्षित के आश्वासन पर छात्रों का आंदोलन समाप्त

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित के आश्वासन पर नई टिहरी पीजी कॉलेज में विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों का चल रहा धरना 39 दिन बाद समाप्त हो गया। डीएम ने छात्रसंघ पदाधिकारियों की मांगों पर कार्यवाही के निर्देश भी सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

नई टिहरी पीजी कालेज में बीते 39 दिनों ने छात्रसंघ के पदाधिकारी व छात्र विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। मांगों पर कार्यवाही न होने को लेकर छात्रों ने तालाबंदी भी कालेज में की थी। बीती शाम को डीएम मयूर दीक्षित ने पीजी कालेज में पहुंचकर छात्रों की मांगों को सुना और मांगों पर छात्रों को कार्यवाही का भरोसा दिया।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों और पीजी कालेज की प्राचार्य को भी छात्रों की मांगों पर गौर करने के निर्देश दिये। जिसके बाद छात्रों ने बीते 39 दिनों से चल रहे धरने को समाप्त कर दिया। छात्र संघ अध्यक्ष युवराज सिंह ने अपनी मांगों से डीएम को अवगत कराते हुए बताया कि महाविद्यालय को श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कैंपस का दर्जा, वाण्जिय संकाय की कक्षाएं संचालित करवाने, महाविद्यालय के बहुउद्देशीय हाल को महाविद्यालय के नाम करवाने, महाविद्यालय में चंबा और जाखणीधार दूर-दराज के छात्र-छात्राओं के लिए बस सेवा, महाविद्यालय में छात्राओं के लिए छात्रावास, पीने के पानी की उचित व्यवस्था, प्रत्येक संकाय के लिए स्मार्ट क्लासेज तथा बहुउद्देशीय हाल का नवीनीकरण करना है।

इंटर कालेज की दीवाल ढही, हादसा टला

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के शहीद विनोद पाल सिंह बिष्ट राजकीय इंटर कॉलेज केपार्स बासर में विद्यालय की सुरक्षा दीवार तेज बारिश के कारण धराशायी हो गई। गनीमत यह रही कि दीवाल टूटने से कोई अन्य नुकसान नहीं हुआ। बीते गुरुवार से जारी तेज बारिश के कारण बासर पट्टी के जीआईसी केपार्स बासर में विद्यालय भवन के आगे की दीवार भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हो गई। ग्राम प्रधान ममता देवी ने बताया कि तेज बारिश के चलते इंटर कॉलेज भवन के आगे की दीवार क्षतिग्रस्त हुई है। जबकि इसके ठीक नीचे गांव का प्राथमिक विद्यालय है। जिसमें काफी पत्थर और मलबा घुस गया है। साथ ही गांव के भगत सिंह और प्रीतम सिंह के घर को भी खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीण प्यार लाल के घर के आगे का खलिहान पर भी भूस्खलन के चलते क्षतिग्रस्त हो गया। तहसीलदार बिरम सिंह पंवार ने बताया कि बालगंगा तहसील क्षेत्र में बुधवार देर रात्रि से हो रही भारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन की सूचनाएं प्राप्त मिली हैं। जबकि केपार्स गांव में विद्यालय भवन के आगे की दीवार और ग्रामीण के घर के आगे की दीवार ढहने की सूचना मिली है। स्थलीय निरीक्षण के लिए राजस्व उपनिरीक्षक को निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)

सनातन विरोध पर विदेशी ताकतों के हाथों खेल रही कांग्रेसः जोशी

देहरादून। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने शनिवार को मीडिया को जारी बयान में कांग्रेस पर सनातन विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाया है। कहा कि कांग्रेस विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रही है। वह अन्य धर्मों को छेड़ती नहीं और हिंदुत्व प्रतीकों पर हमले का कोई मौका नहीं छोड़ती है। उन्होंने कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा निकालने पर भी सवाल उठाया कहा कि वैसे तो वे प्रतिष्ठा यात्रा निकालते हैं लेकिन हिमाचल की अवैध मस्जिदों पर बोलने पर कतराते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उनके सहयोगी लगातार सनातन धर्म पर सीधे प्रहार करते आ रहे हैं। जिससे एक बात पूरी तरह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी कहीं ना कहीं किसी षड़यंत्र में शामिल है। जोशी ने कहा कि जब भी सनातन का विषय आता है चाहे मथुरा,काशी,अयोध्या, केदारनाथ या बदरीनाथ हो कांग्रेस और उनके सहयोगियों का रुख हमेशा नकारात्मक ही रहता है। इनके नेताओं को सनातन संवर्धन के प्रत्येक मुद्दे पर आपत्ति होती है लेकिन अन्य धार्मिक स्थलों पर क्या हो रहा है, उस पर उनकी जुबान तक नहीं खुलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिप्र की सुक्खू सरकार शिमला और मंडी में अवैध मस्जिदों को बचाने में लगी है, लेकिन अब तक एक भी स्थानीय कांग्रेसी ने इस मुद्दे पर बयान नहीं दिया।

जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल की सक्रियता का जनपद में दिखने लगा प्रत्यक्ष असर

देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला चिकित्सालय में दवाई काउंटर बढ़ाने हेतु कार्य शुरू, तीन दिन के भीतर तैयार हो जाएंगे 2 नए दवाई वितरण काउंटर।जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान दवाई काउंटरों पर भीड़ देख, जन सामान्य की समस्याओं को मध्यनजर रखते हुए जिलाधिकारी ने दिए थे दवाई काउंटर बढ़ाते हुए व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के निर्देश।दवाई कांउटर की संख्या 03 से बढकर हुई 05, लाईनों से मिलेगा निजात कांउटर के समीप रहेगी बैठने की व्यवस्था।बदलने लगी है प्रशासनिक कार्य प्रणाली, हरकत में आए विभाग अनियमितता पाए जाने पर लगातार कर रहे हैं कार्रवाई।जिला चिकित्सालय में गंदगी देख जताई थी कड़ी नाराजगी संबंधित ठेकेदार पर दिए थे कड़ी कार्रवाई के निर्देश, जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में संबंधित ठेकेदार पर रुपए 50 हजार का अर्थदंड किया गया आरोपित।

एसएसपी ने किया लिब्बरहेडी में हुई लूट का खुलासा

रुड़की। कोतवाली के गांव लिब्बरहेडी में हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के पास से साढ़े ग्यारह लाख रुपए की ज्वैलरी भी पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को मंगलौर कोतवाली में लूट का खुलासा करते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि लिब्बरहेडी में सात सितम्बर 2024 को एक महिला ने अपने साथियों के साथ मुकेश को उसके घर में बंधक बनाकर लाखों के सोने चांदी के आभूषण लूट लिए थे। मामले में मुकेश की तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान अलग अलग टीमों का गठन किया गया। जिसमें मुख्य आरोपी मेहराज को 12 सितंबर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। जिसके पास से ज्वैलरी बरामद की थी। वहीं आज चार अन्य आरोपियों को पुलिस ने नारसन के पास से गिरफ्तार किया है जिनके पास से लूटा गया करीब 14 तोला सोना, ढाई किलो चांदी बरामद की है जिसकी कीमत करीब साढ़े ग्यारह लाख रुपए है।

एशियन चैंपियनशिप में प्रियांशु ने स्वर्ण, राहुल ने रजत पदक जीता

देहरादून। चेन्नई में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित हुई साउथ एशियन जूनियर (अंडर – 20) एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून के प्रियांशु ने स्वर्ण और राहुल सरनालिया ने रजत पदक जीता। उत्तराखंड एथलेटिक्स के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि प्रियांशु ने 1500 मीटर रेस को 03 मिनट 53.22 सेकेंड और राहुल ने 03 मिनट 53.64 सेकंड में पूरा किया। दोनों खिलाड़ी महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स एक्सलेंसी सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वरिष्ठ कोच लोकेश कुमार उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय टीम में हुआ है।

बीजेपी की सदस्यता के लिए मंडल, बूथों ओर शक्ति केंद्रों पर बैठकों का दौर शुरू

देहरादून। भाजपा का सदस्यता अभियान अब विधानसभा स्तर, महानगर स्तर से होता हुआ बूथ व शक्ति केन्द्र स्तर तक पहुंच गया है। सदस्यता अभियान को व्यापक रुप देते हुए मंडल, बूथ स्तर पर कमेटियां बनाकर काम किया जा रहा है। खुद महानगर व मंडल पदाधिकारियों बूथ संयोजकों के साथ मिलकर बैठकों में जा रहे हैं। हरेक सदस्य को नए सदस्य बनाने के अघोषित लक्ष्य दिए गए हैं। निकाय चुनाव सन्निकट होने के चलते पार्षद दावेदारों की सक्रियता सदस्यता अभियान में देखते ही बनती है। भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए रात–रात भर मोहल्ले, कॉलोनियों में बैठकें भी शुरू हो गई है। भाजपा मंडल स्तरीय पदाधिकारियों को एक हजार, बूथ स्तर पर पांच सौ व शक्ति केन्द्र स्तर पर 100 सदस्य बनाने और मिस कॉल के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के पास कॉलोनी के सभी परिवारों की सूची है। जिसमें मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप पर सार्वजनिक स्थल या किसी कार्यकर्ता के आवास पर बैठक कर सभी को सामूहिक रुप से मिसकॉल कराई जा रही है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कमली भट्ट ने बताया कि उन्होंने बूथ संख्या 56 में अभी तक चार सौ से अधिक सदस्य बनाए हैं। भाजपा नेता विशाल गुप्ता ने बताया कि मंडल स्तर सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में नए सदस्य बनाने और पुराने निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को दुबारा पार्टी से जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चल रहा है।

उत्तराखंड में बढ़ते हीटवेव को लेकर विशेषज्ञों ने जताई चिंता

देहरादून। सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटीज (एसडीसी) फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को दून लाइब्रेरी सभागार में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध संवैधानिक अधिकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उत्तराखंड आइडिया एक्सचेंज ऑन क्लाइमेट एंड कॉन्स्टिट्यूशन के हिस्से के रूप में आयोजित इस पैनल चर्चा में विशेषज्ञ वक्ताओं ने एमके रंजीत सिंह बनाम भारत संघ के सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ नागरिकों के मौलिक अधिकारों की मान्यता पर विचार विमर्श किया। विशेषज्ञों, वक्ताओं ने उत्तराखंड में बढ़ते हीटवेव को लेकर चिंता जताई। कार्यक्रम के शुरुआत में दून लाइब्रेरी के प्रोग्राम एसोसिएट चंद्रशेखर तिवारी ने उत्तराखंड आइडिया एक्सचेंज पहल का संक्षिप्त परिचय दिया।

पैनल चर्चा का संचालन कर रहे सहायक प्रोफेसर पीईएस स्कूल ऑफ लॉ और एसडीसी फाउंडेशन के सदस्य गौतम कुमार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2021 में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संदर्भ में दी गई ट्रांसमिशन लाइनों को भूमिगत करने के आदेश से चर्चा की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 2024 में दिए गए एमके रंजीत सिंह बनाम भारत संघ के निर्णय पर ध्यान केंद्रित किया और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जलवायु परिवर्तन को एक संवैधानिक मुद्दा मानने और इसके पर्यावरणीय अधिकारों पर प्रभावों पर चर्चा की।

कलियर मेले को देखते हुए कई ट्रेनों का रुड़की हुआ स्टॉपेज

रुड़की। पिरान कलियर मेला विश्व भर में प्रसिद्ध है जिसके लिए पूरे देश से जायरीन रुड़की या हरिद्वार रेलवे स्टेशन आते हैं यहां से सभी तीर्थ यात्री /जायरीन पिरान कलियर की ओर सड़क मार्ग से जाते हैं, किंतु अधिकतर रेल गाड़ियों की रुड़की स्टॉपेज ना होने के कारण तीर्थ यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था जिसके लिए रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति सदस्य पूजा नंदा द्वारा स्टेशन अधीक्षक रुड़की को प्रार्थना पत्र भी दिया गया था, आज दिनांक 10 सितंबर 24 से मुख्य रेल गाड़ियां जिनमे 14617 (जनसेवा एक्सप्रेस),15211 (दरभंगा अमृतसर जननायक एक्सप्रेस),15531 (सहरसा अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस),1 2237 (बेगमपुरा एक्सप्रेस), 14605(ऋषिकेश जम्मू योग नगरी एक्सप्रेस),12331 (हिमगिरि एक्सप्रेस), 12491 (मोरध्वज सुपरफास्ट),12357 (धनबाद जालंधर दुर्गाना एक्सप्रेस), तथा अन्य रेल गाड़ियों की डाउन रेल गाड़ियां जिनके नंबर 14618, 15212, 15532, 12238, 12318,14606,12332,12492,123 58 है उनका स्टॉपेज भी रुड़की स्टेशन हो गया है यह स्टॉपेज केवल मेल कार्यकाल के दौरान ही रहेगा इसकी अतिरिक्त मेला स्पेशल मुरादाबाद से रुड़की 064307 भी चलाई जा रही है रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति सदस्य पूजा नंदा ने स्टेशन अधीक्षक अरुण कुमार , मुख्य टिकट निरीक्षक मुकेश कुमार एवं सभी रेलवे के वरिष्ठ पदाधिकारीयो का धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे रुड़की आने वाले सभी यात्रियों को सुविधा होगी,

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com